# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## अखिल भारतीय समिति के सत्र २०२३-२५ की बैठक का कार्यवृत
## रविवार, २० जुलाई २०२५, द ग्रांड परंपरा गार्डेन, रायपुर, छत्तीसगढ़

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति के सत्र २०२३-२५ की चौथी बैठक रविवार, २० जुलाई २००२५ को रायपुर स्थित द ग्रांड परंपरा गार्डेन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्नलिखित अखिल भारतीय समिति सदस्यों की उपस्थिति रहीं:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री संतोष सराफ | श्री गोवर्धन प्र. गाड़ोदिया | श्री पवन कुमार गोयनका |
| श्री रंजीत कुमार जालान | श्री राज कुमार केडिया | डॉ. सुभाष अग्रवाल | श्री कैलाश पति तोदी |
| श्री पवन कुमार जालान | श्री रमेश चंद्र गोपीकिशन बंग | श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया | श्री अमर बंसल |
| श्री गिरधर गोपाल अग्रवाल | श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री कैलाश काबरा | श्री अशोक केडिया |
| श्री मोहनलाल बजाज | श्री निकेश गुप्ता | श्री दिनेश अग्रवाल | डॉ. सुभाष चंद्र अग्रवाल |
| श्री युगल किशोर अग्रवाल | श्री सीताराम अग्रवाल | श्री विजय कुमार सकलेचा | श्री कमलेश कुमार नाहटा |
| श्री सीताराम अग्रवाल | श्री शरद सरावगी | श्री गोविन्द अग्रवाल | श्री राज कुमार मिश्रा |
| श्री मन्ना लाल बैद | श्री सज्जन शर्मा | श्री सुरेश चौधरी | श्री प्रदीप जीवराजका |
| श्री पवन बंसल | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | श्री प्रकाश चंद्र हरलालका | श्री ओमप्रकाश रींगसिया |
| श्री पुरुषोत्तम शर्मा | श्री रमेश खिरवाल | श्री दिनेश कुमार अग्रवाल | श्री संतोष कुमार अग्रवाल |
| श्री दीपक कुमार गुप्ता | श्री बिजय कुमार अग्रवाल | श्री दिनेश कुमार अग्रवाल | श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल |
| श्री अमित कुमार अग्रवाल | श्री नवनीत जालान | श्री श्रवण कुमार अग्रवाल | श्री जगदीश गोलपुरिया |
| श्री मनोज जैन | श्री तरुण कुमार मालाणी | श्री संतोष कुमार पारीक | श्री मंगतू राम अग्रवाल |
| श्री यतीश अग्रवाल | श्री नारायण खेमका | श्री प्रवीण सिंघानिया | श्री सुनील कुमार लाठ |
| श्री अमर नाथ अग्रवाल | | | |

**निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सुचना दी:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नन्द लाल रुँगटा | श्री राम अवतार पोद्दार | श्री महेश जालान | श्री आत्माराम सोंथलिया |
| श्री बिनोद तोदी | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल | श्री श्याम सुन्दर टिबडेवाल | श्री राजेश सोंथालिया |
| श्री रघुनाथ प्र. झुनझुनवाला | श्री राज कुमार सराफ | श्री गोविन्द प्रसाद डालमिया | श्री सुरेंद्र कुमार डालमिया |
| श्री बिनय सरावगी | श्री राजीव कुमार केजरीवाल | श्री सुरेश कमानी | श्री सांवर लाल शर्मा |
| श्री चंडी प्रसाद डालमिया | श्रीमती शिवानी सोंथालिया | श्रीमती श्री दूधवेवाला | |

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह बैठक सत्र २०२३-२५ की आखिरी बैठक थी। बैठक के शुरुआत में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अमर बसंल एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं अखिल भारतीय समिति के सदस्यों को बैठक में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया। साथ ही बैठक में भाग लेने हेतु देश के विभिन्न भागों से पहुँचे सभी महानुभावों के भोजन एवं आवास की उचित व्यवस्था करने हेतु प्रमुख भूमिका निभाने के लिए प्रांत के कोषाध्यक्ष श्री सुरेश चौधरी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह के संचालन हेतु प्रांतीय महामंत्री श्री जी.जी. अग्रवाल का भी अभिवादन किया गया।

**कार्यसुची १: अध्यक्षीय संबोधन।**

अखिल भारतीय समिति की बैठक को प्रारंभ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने कहा कि बदलते समय के साथ-साथ सम्मेलन के गतिविधियों में भी निखार आ रहा है एवं प्रांतों में गतिविधियाँ तेज होती जा रही है। साथ ही साथ उनकी कार्यशैली में दक्षता भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में अभी तक ५००० नए सदस्यों को सम्मेलन से जोड़ा गया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वोत्तर एवं उत्कल प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन की शाखाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की ओर बढ़ रही है। साथ ही साथ पूर्वोत्तर में नए-नए पदक्षेप लिए जा रहे है। जिससे सम्मेलन को एक नई दिशा एवं गति मिल रही है। सत्र २०२३-२५ की गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि अनेको क्षेत्रों में इस सत्र में रिकार्ड काम किए गए है। अनेकों नए-नए पदक्षेप लिए गए है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा अभूतपूर्व ढ़ग से प्रांतों एवं शाखाओं का दौरा किया गया

है। जिसके फलस्वरुप एक व्यापक संपर्क स्थापित होने में सफलता मिली है। इसका सकारात्मक फल देखने को मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने अपनी पूरी टीम एवं सभी प्रांतों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए आशा व्यक्त की कि आगे भी सम्मेलन इसी गति से बढ़ता जाएगा।

**कार्यसुची २ः अखिल भारतीय समिति की गत बैठक का कार्यवित पारित करना।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने दिनांकः ८ सितंबर २०२४ को सूरत में आयोजित अखिल भारतीय समिति के कार्यवृत को सभा पटल पर प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से सभा सदस्यों ने पारित किया।

**कार्यसुची ३ः राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की जानकारी।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर अपनी विस्तृत रपट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सम्मेलन की गतिविधियों को विस्तार से सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों ने इस सत्र में हुए कार्यों की सराहना की एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**कार्यसुची ४ः प्रांत प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, प्रांतीय अध्यक्षों/महामंत्री द्वारा संगठन प्रगति एवं समाज सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी की संक्षिप्त रपट।**

राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण डॉ. सुभाष अग्रवाल, श्री राज कुमार केडिया, श्री मधुसूदन सीकरिया, एवं श्री रंजीत जालान ने अपने-अपने प्रभारी प्रदेशों की रपट प्रस्तुत की।

बिहार प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री यूगल किशोर अग्रवाल, पूर्वोत्तर के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाशचंद काबरा, उत्कल प्रांत के अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, झारखंड प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री बसंत मित्तल, महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष श्री निकेश गुप्ता, मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सकलेचा, कर्नाटक प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, तमिलनाडु प्रांत के अध्यक्ष श्री अशोक केडिया, आतिथ्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अमर बंसल, दिल्ली प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया तथा श्री मन्ना लाल बैद एवं तेलंगाना प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री रमेश बंग एवं झारखंड से समिति सदस्य श्री रमेश खिरवाल, ने अपने प्रांतों में हो रही गतिविधियों के बारे में सभा को जानकारी दी। साथ ही अपने विचार सभा के समक्ष रखें।

**कार्यसुची ५ः मुख्य चुनाव अधिकारी/सहायक चुनाव अधिकारी द्वारा संविधान सम्मत प्रक्रिया के तहत आगामी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए प्रांतों से प्राप्त नामों के प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी तथा आगामी निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा।**

बैठक में सम्मेलन के आगामी सत्र २०२५-२७ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी श्री प्रदीप जीवराजका ने चुनाव प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी देते हुए अगले सत्र के लिए पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका, दिल्ली को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रुप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने बताया कि सभी १८ प्रांतों से श्री गोयनका को मनोनित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने इस अप्रतिम सफलता के लिए श्री गोयनका को हार्दिक बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में सम्मेलन नई ऊंचाईयाँ प्राप्त करेगा। इस बैठक में उपस्थित सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण, प्रांतीय अध्यक्षगण एवं सभी उपस्थित सदस्यों ने श्री पवन कुमार गोयनका जी को हार्दिक बधाई दी एवं पुष्प गुच्छ के साथ उनका अभिनंदन किया। श्री गोयनका ने अपने वक्तव्य में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं सभी सदस्यों से आग्रह किया कि हम सम्मेलन में सबके साथ चलते हुए आगे बढ़ेंगे और यह आशा भी व्यक्त की कि हमें सभी का साथ इस यज्ञ में प्राप्त होगा। उन्होंने सभी से इस संदर्भ में सुझाव आमंत्रित करने का निवेदन किया। आगामी सत्र के लिए उन्होंने कुछ रुपरेखा प्रस्तुत की साथ ही समाज सुधार, संस्कार-संस्कृति के विषय में विस्तृत विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के मूल में है हमारे संस्कार संस्कृति के अवमूल्यन। इसका हमें पूरा ध्यान रखना होगा। श्री गोयनका ने सभी सदस्यों एवं प्रांतीय पदाधिकारीगण के प्रति अपना आभार प्रकट किया। जिन्होंने उनके नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया। अंत में उन्होंने कहा कि मैं इस विश्वास पर खरा उतरने की हरचंद कोशिश करुंगा।

**कार्यसुची ६ः आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वागत समिति के समक्ष 'विषय निर्वाचनी समिति' के प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं निर्णय।**

राष्ट्रीय अधिवेशन में 'विषय निर्वाचनी समिति' के समक्ष अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को सभा में प्रस्तुत किया गया। सभा ने गहन विचार-विमर्श के साथ प्रस्तावों को राष्ट्रीय अधिवेशन में समिति के समक्ष पेश करने के लिए पारित किया।

**कार्यसुची ७ः सम्मेलन से मिलते-जुलते नाम की नई संस्था खुलने पर विचार-विमर्श एवं आवश्यक निर्णय।**

गत दिनों अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के नाम से मिलते-जुलते नाम की संस्था संज्ञान में आई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें ऐसे संस्थाओं से दूरी बनानी चाहिए। साथ ही ऐसी किसी भी संस्था में पद अथवा सदस्यता नहीं लेने के लिए सभी से आग्रह किया। उक्त सभा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को उचित कार्रवाई करने का स्वतंत्र अधिकार दिया।

**कार्यसुची ८: भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श।**

बैठक में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के २८वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांकः ६ एवं ७ सितंबर २०२५ को नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यसुची ९: पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का मार्गदर्शन।**

बैठक में उपस्थित सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने भवन निर्माण उपसमिति के चेयरमैन मनोनित होने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने भवन निर्माण की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही भवन का निर्माण कार्य शुरु हो जाएगा।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में उन्होंने सुझाव दिया कि अखिल भारतीय समिति की बैठकें दो सत्रों में आयोजित की जानी चाहिए।

**कार्यसुची १०: विविध - राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से।**

बैठक में कार्यसूची के अनुसार व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत विभिन्न निर्णय लिए गए। राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने बैठक का संचालन किया।

अंत में सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राज कुमार केडिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री